भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

09 मई, 2016

भाजपा प्रवक्ता डॉ संबित पत्रा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी के द्वारा आज की गई प्रेस वार्ता में माननीय प्रधानमंत्री जी की डिग्री विवाद के सन्दर्भ में स्पष्टता दी गई। इस संदर्भ में अरविन्द केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा झूठ पर आधारित भ्रान्ति को भी दूर किया गया।

फिर भी माननीय प्रधानमंत्री जी की डिग्री विवाद पर स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद जिस तरह से आम आदमी पार्टी के श्री आशुतोष एवं अन्य नेताओं द्वारा मीडिया में और देश की जनता के बीच स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षा की डिग्री व मार्कशीट को लेकर बेवजह अप्रमाणित आधार पर कुतर्क किया जा रहा है व जनता को गुमराह करने का कुप्रयास किया जा रहा है, वह सरासर निंदनीय और सत्य से परे है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री और मार्कशीट की छायाप्रति के सिलसिलेवार विवरण को आप तक प्रेषित किया जा रहा है ताकि इस सन्दर्भ में आम आदमी पार्टी द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों को पूर्णतया दूर किया जा सके।

संलग्नक

- पेज 1 से 6 तक माननीय प्रधानमंत्री जी की स्नातक डिग्री और मार्कशीट की प्रतियां संलग्न है।
    - पेज 1: स्नातक 1978 की डिग्री मार्च, 1979 में दी गई
    - पेज 2: 1975 की बीए पार्ट I की मार्कशीट
    - पेज 3: 1976 की बीए पार्ट II की मार्कशीट जिसमें देश में आपातकाल लगने के कारण तीन सब्जेक्ट में बैक पेपर लगा था
    - पेज 4: 1977 की बीए पार्ट III की मार्कशीट (पार्ट III तो श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 1977 में क्लियर कर लिया था लेकिन चूंकि वह पार्ट II का बैक पेपर नहीं दे सके थे, इसलिए 1977 में उन्हें डिग्री प्राप्त नहीं हुई थी)

- पेज 5: 1977 के पार्ट II के सप्लीमेंट्री एग्जाम की मार्कशीट जिसमें श्री मोदी जी का इंग्लिश और हिंदी का पेपर तो क्लियर हो गया था लेकिन हिस्ट्री सब्जेक्ट क्लियर नहीं हो पाया था
- पेज 6: 1978 के सप्लीमेंट्री में श्री मोदी अपीयर हुए और स्नातक परीक्षा पास की जिसकी मार्कशीट फरवरी, 1979 में जारी हुई

- इसी तरह पेज नंबर 7 से 9 तक माननीय प्रधानमंत्री जी की स्नातकोत्तर की डिग्री और मार्कशीट की प्रतियां संलग्न है।

  - पेज 7: 1983 में प्राप्त स्नातकोत्तर की डिग्री
  - पेज 8: 1981 की स्नातकोत्तर पार्ट I की मार्कशीट
  - पेज 9: 1982 की स्नातकोत्तर पार्ट II की मार्कशीट

आम आदमी पार्टी और उनके नेताओं द्वारा डिग्री में वर्णित ‘Entire Political Science’ के सब्जेक्ट की वैधता पर भी सवाल उठाये गए हैं जिसका स्पष्टीकरण गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा पहले ही दिया जा चुका है। चूंकि श्री नरेन्द्र मोदी जी के आठों पेपर पोलिटिकल सायंस के थे और कोई अन्य सबोर्डिनेट पेपर नहीं था, इसलिए उन्हें ‘Entire Political Science’ में डिग्री प्राप्त हुई।

उपरोक्त विवरण आपको इसलिए प्रेषित किया जा रहा है क्योंकि जिस तरह से सही दस्तावेज और तथ्य सामने आने के पश्चात भी आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार भ्रामक और झूठी बातें मीडिया के माध्यम से फैलाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है तथा माननीय प्रधानमंत्री जी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उन तथ्यों की सही जानकारी आप तक पहुंचे।

(इंजी. अरुण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव